Title: Need to encourage setting up of cottage industries in rural areas.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): उपाध्यक्ष जी, देश के अंदर बेरोजगारी दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। गांवों से आबादी शहरों की तरफ आ रही है। मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि सरकार बड़े-बड़े कारखाने और उद्यम तो लगा रही है, लेकिन कुटीर उद्योगों की तरफ उसका ध्यान नहीं है, न ही राज्य सरकारों का ध्यान इस तरफ है। लोगों की बेरोजगारी कम करने के लिए और उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए तथा कम खर्च में अच्छा काम चल सके इस दृष्टि से गांवों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देना चाहिए।